

# सप्तदश बिहार विधान सभा

## त्रयोदश सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या–04 वृहस्पतिवार, दिनांक–28 नवम्बर, 2024 ई०।

माननीय अध्यक्ष, श्री नन्द किशोर यादव की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.07 बजे अपराह्न तक

**[1] प्रश्नकाल :–**

(i) 06 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित।

(ii) 17 तारांकित प्रश्न उत्तरित।

(iii) 02 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ।

(iv) 135 तारांकित प्रश्न अनागत।

**[2] सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :–**

1. माननीय उपमुख्यमंत्री–सह–प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री सम्राट चौधरी द्वारा भारत के संविधान के अनुच्छेद–152(2) के अनुसरण में भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक से प्राप्त बिहार सरकार का वर्ष 2016–22 का "लोक स्वास्थ्य आधारभूत संरचना और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन पर निष्पादन लेखापरीक्षा प्रतिवेदन" को महामहिम राज्यपाल, बिहार की अनुमति से सभा मेज पर रखा गया।

2. माननीय उपमुख्यमंत्री–सह–प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री सम्राट चौधरी द्वारा प्रस्ताव किया गया कि भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक से प्राप्त बिहार सरकार का वर्ष 2016–22 का "लोक स्वास्थ्य आधारभूत संरचना और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन पर निष्पादन लेखापरीक्षा प्रतिवेदन" को बिहार विधान सभा के समक्ष रखे जाने के पश्चात् उक्त प्रतिवेदन को लोक लेखा समिति द्वारा विचार किये जाने के पूर्व जनता में बिक्री के लिए प्राप्य हो।

इस प्रस्ताव पर सदन की सहमति हुई।

3. माननीय प्रभारी मंत्री, गृह विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा–395 के तहत बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम के वित्तीय वर्ष क्रमशः 2014–2015, 2015–2016, 2016–2017 एवं 2017–2018 के वार्षिक प्रतिवेदनों की एक–एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया।

4. माननीय प्रभारी मंत्री, सहकारिता विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा–395 के तहत बिहार राज्य भण्डार निगम के वित्तीय वर्ष 2018–2019 के वार्षिक प्रतिवेदन की प्रति को सभा मेज पर रखा गया।

इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी मांग को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गये।

आसन द्वारा बार–बार विपक्ष के माननीय सदस्यों से अपने–अपने स्थान पर बैठ जाने का अनुरोध किया गया, परन्तु सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही 2.00 बजे अप0 तक के लिए स्थगित हुई।

**भोजनावकाश के बाद**

(02.00 बजे अपराह्न से 05:14 बजे अपराह्न तक)

[इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

**[3] वित्तीय कार्य :– वित्तीय वर्ष 2024–25 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरण में सम्मिलित अनुदान की मांग [समाज कल्याण विभाग] पर वाद विवाद तथा मतदान**

माननीय मंत्री, समाज कल्याण विभाग, श्री मदन सहनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरण में सम्मिलित अनुदान की मांग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

माननीय सदस्य, श्री अजय कुमार सिंह द्वारा अनुदान की मांग पर कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया एवं पक्ष रखा गया।

अनुदान की मांग तथा कटौती प्रस्ताव पर वाद–विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लियाः–

1. श्री अरूण शंकर प्रसाद
2. श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव
3. श्री राज कुमार सिंह

[इस अवसर पर माननीय अध्यासी सदस्य, श्री दामोदर रावत ने आसन ग्रहण किया]

4. श्री भरत भूषण मंडल
5. श्री राणा रणधीर
6. श्री रामविलास कामत
7. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन
8. श्री संदीप सौरभ
9. श्रीमती ज्योति देवी
10. श्री अजय कुमार
11. श्री सूर्यकान्त पासवान
12. श्री सतीश कुमार
13. श्री अखतरूल ईमान

[इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

14. श्री मिथिलेश कुमार
15. श्री बिजय सिंह

सरकार की ओर से माननीय मंत्री, समाज कल्याण विभाग, श्री मदन सहनी द्वारा सरकार का पक्ष रखा गया।

इस दौरान सरकार के उत्तर से असंतुष्ट हो कर विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गये।

सदन द्वारा माननीय सदस्य, श्री अजय कुमार सिंह का कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा समाज कल्याण विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ।

इसके उपरान्त वित्तीय वर्ष 2024–25 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरण में सम्मिलित शेष अनुदान की मांगें बारी–बारी से मुखबंध (गिलोटीन) द्वारा स्वीकृत हुई।

**[4] विधायी कार्य – राजकीय (वित्तीय) विधेयक :–**
**बिहार विनियोग (संख्या–4) विधेयक, 2024**

माननीय उपमुख्यमंत्री–सह–प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री सम्राट चौधरी द्वारा बिहार विनियोग (संख्या–4) विधेयक, 2024 को सदन की अनुमति से पुरःस्थापित किया गया तथा विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

विचार के प्रस्ताव की स्वीकृति के उपरान्त सभी खंड एवं अनुसूची विधेयक के अंग बने।

माननीय मंत्री द्वारा विधेयक की स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया।

तदुपरान्त "बिहार विनियोग (संख्या–4) विधेयक, 2024" सदन द्वारा स्वीकृत हुआ।

**[5] निवेदन :–**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 64 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे।

तत्पश्चात् सभा की बैठक शुक्रवार, दिनांक 29 नवम्बर, 2024 को 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित हुई।

पटना
दिनांक–28.11.2024

**ख्याति सिंह**
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।